राजगढ़-बाग मार्ग बदहाल... जगह -जगह गड्ढे दे रहे हादसों को न्योता

टांडा (धार)। राजगढ़ -बाग मार्ग की स्थिति खराब हो चुकी है। इस मार्ग पर जगह -जगह गड्ढे हादसों को न्योता दे रहे है। लगभग 45 किलोमीटर के मार्ग मे जगह-जगह डामर उखड़ चूका है। इस मार्ग पर आ रहे संवेदनशील घाट क्षेत्र की हालत भी खराब अवस्था मे आ चुकी है। मार्ग से विधायक मंत्री और जिले के आला अधिकारीयों का आए दिन गुजरना होता है लेकिन किसी का इस और ध्यान नहीं है। मार्ग की स्थिति दिन पर दिन खस्ता होती जा रही है जिससे यहां आए छोटी-बड़ी वाहन दुर्घटना होते रहती है। टांडा से इन्दौर का समय 2:30 घंटे का है लेकिन टांडा से राजगढ़ पहुंचने मे ही लगभग 45 मिनट लग जाते है। जिससे यहां से इन्दौर पहुंचने मे अधिक समय लगता है। इस मार्ग से सबसे ज्यादा दिक्कत तो छोटे वाहनों को होती है। जो मुसीबतो का सामना करते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचते है। वही वाहनों को नुकसान भी होता है। टांडा से रिंगनोद के मध्य मे लगभग 9 किलोमीटर का घाट क्षेत्र भी आता है यहां कई बार वाहनों से लूटपाट की घटनाए भी हो चुकी है। इस घाट मे कई सर्पाकार मोड़ है। इस क्षेत्र की हालत भी खराब हो चुकी है। कई मोड़ पर तो बड़े -बड़े गड्ढे हादसों को न्योता दे रही है। गड्ढो के कारण वाहनों की गति समिति रहती है जिससे लूटपाट का डर हमेशा बना रहता है । यहां बड़ी दुर्घटना रोकने के लिए लगाई रेलिंग जगह -जगह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जिससे दुर्घटना के वक्त वाहन सीधे खाई मे गिरने की आशंका बनी रहती है। रात के समय वाहनों को निकलने

मे दिक्कत का सामना करना पड़ता है। कई बार मार्ग से वीआईपी भुवमेंट भी होते रहता है। लेकिन सडक की अनदेखी विभाग की कार्यशैली पर सवाल खडे करती है। वही इस मार्ग से प्रतिदिन कई स्कूल बसों का गुजरना भी होता है। जिनके जरिए टांडा से सेकड़ो छात्र-छात्राए राजगढ़ तथा बाग स्कूल मे अध्ययन करने जाते है। लेकिन सडक की ऐसी अवस्था के कारण इन्हे काफ़ी दिककते होती है। यह मार्ग गुजरात को महाराष्ट्र से जोड़ने का महत्वपूर्ण मार्ग है। यहाँ से प्रतिदिन हजारों वाहन निकलते है। प्रसिद्ध जैन तीर्थ मोहनखेड़ा के लिए महाराष्ट्र तथा छोटा उदयपुर(गुजरात) पट्टी के श्रद्धालु भी इसी मार्ग से तीर्थ पर आते- जाते है। वही बड़ी संख्या मे जैन संत का भी समय -समय पर इस मार्ग से पैदल विहार होता है । रोड पर उखड़ी डामर के कारण संत काफ़ी तकलीफ का समना करते हुए विहार करते है। इस मार्ग की दुर्दशा की और जिम्मेदारो का कोई ध्यान नहीं है।वही टांडा तथा आस -पास के लगभग 50 गाँवो मे अगर स्वास्थ्य को लेकर कोई आपात स्थिति आती है तो इलाज के लिए इसी मार्ग से अन्य शहर के अस्पताल जाना पड़ता है, जिससे मरीजों को अस्पताल पहुंचने मे तकलीफ के साथ समय भी अधिक लगता है। यात्रियों ने बताया की सड़क मार्ग का सुधार कार्य होता है तो इस मार्ग से गुजरने वाले यात्रियों को काफ़ी राहत मिलेगी और यात्रा सुगम होंगी। वही उक्त बदहाल मार्ग को लेकर हमने 2 बार विभागीय अधिकारी को फोन लगाया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 105 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही

17 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

खंडवा। पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री राजेश रघुवंशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री महेंद्र तारणेकर के मार्गदर्शन में दिनांक 19.01.2026 को कुल 13 गिरफ्तारी, 09 स्थाई, 43 जमानती वारंट, 70 समन जिले के विभिन्न थानो के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए। आयोजित सडक सुरक्षा जीवन रक्षा' थीम पर 'राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह जनवरी 2026 में प्रभावी कार्यवाही करते हुए दिनांक 19.01.2026 को जिला खंडवा में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालको के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीटबेल्ट न लगाने वाले, तेज गति, बिना एचएस आरपी, बिना वैध बीमा वाले वाहनों तथा अन्य यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले कुल 105 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्यवाही की गई एवं समन शुल्क 47000/-रुपये वसूल किए गए है। उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है। थाना पंधाना की आरोपीया राधाबाई पति कालू जाति बलाई उम्र 45 साल निवासी ग्राम खिराला के कब्जे से 10 लीटर अवैध रूप से कच्ची हाथ भट्टी महुआ शराब कीमती 1000/-रूपये की जप्त की गई, उक्त आरोपिया के विरुद्ध धारा 34(1), आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। थाना कोतवाली के आरोपी सचिन पिता जयराम उम्र 38 साल निवासी ग्राम सुतारखेडा थाना पिपलोद जिला खंडवा को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते हुये पकडा जिसके विरुद्ध 36बी आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। थाना पदमनगर के आरोपी 1. करण पिता राधेश्याम मोकले जाति धोबी उम्र 25 वर्ष निवासी आईडियल पब्लिक स्कूल के पास संजय नगर खंडवा, 2. अशोक पिता नारायण नायकउम्र 35 साल निवासी संजय नगर खंडवा करण लोगो से रुपये पैसे ले कर सट्टा अंक लिखी पर्चियाँ देते पाया गया, जिसके कब्जे से 06 सट्टा अंक लिखी पर्चियाँ, एक लीड पेन तथा नगदी 980/- रूपये जप्त किये गये तथा पूछताछ मे आरोपी अशोक द्वारा 500 रूपये रोज से मजदूरी से रखना बताया। उपरोक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 4क सट्टा एक्ट एवं 49 बीएनएस के तहत कार्यवाही की गई है। जिले के विभिन्न थानो मे दिनांक 19.01.2026 को 17 कुल असामाजिक तत्त्वो के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 11 प्रकरणों मे 14 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 बीएनएसएस के तहत 03 प्रकरणों में 03 अनावेदकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। जिले में कुल 91 अनावेदकों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्यवाही की गई है।

संस्कृति के अनुरूप संक्रांति पर्व हल्दी-कुमकुम समारोह आयोजित

बड़ी संख्या में उपस्थित मातृशक्ति के बीच शानदार कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

खंडवा। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी महापौर अमृता अमर यादव द्वारा मंगलवार को तापड़िया गार्डन में मिठास का पर्व मकर संक्रांति समारोह धर्म की संस्कृति के अनुरूप उत्साह के साथ मनाया गया। पूरा तापड़िया गार्डन मकर संक्रांति की थीम पर आकर्षक रूप से सजाया गया था, देश की संस्कृति पर आधारित सेल्फी पॉइंट भी बनाए गए थे, समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि महापौर अमृता यादव द्वारा आयोजित इस समारोह में हजारों की संख्या में मातृ शक्ति ने उपस्थित होकर एक दूसरे को हल्दी-कुम्कुम लगाकर एवं तिल के लड्डू खिलाकर मकर संक्रांति का पर्व मनाया,और देश संस्कृति पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना एवं सरस्वती पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। जिसमें मातृशक्ति मिलन,हल्दी-कुमकुम,लोक भजन, गणगौर नृत्य, पंजाबी नृत्य राजस्थानी नृत्य,महिषासुर, मर्दिनी नर्मदा अष्टक की प्रस्तुती एवं धर्म से जुड़ी प्रश्नावली सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित हुए। समारोह को संबोधित करते हुए समारोह संयोजक अमृता अमर यादव ने कहा कि मकर

संक्रांति भारत में एक प्रमुख त्यौहार है जो 14 जनवरी के आसपास 15 दिनों तक उत्साह उमंग और मिठास के साथ मनाया जाता है, यह सूर्य के उत्तरायण प्रवेश के साथ मनाया जाता है। मातृशक्ति के लिए यह विशेष पर्व है जिसमें बहने एक दूसरे को हल्दी कुमकुम लगाकर सुहाग की रक्षा की करती है, नई दुर्गा शक्ति स्वरुप है,जिस प्रकार दुर्गा माता की आठ भुजाएं होती है उसी के अनुरूप हम नारियों में भी सारी शक्ति समाहित है, महिला मल्टीपरपज है, महापौर अमृता यादव ने कहा कि हम महिलाएं अच्छी मां,बेटी,बहन सास और पत्नी जैसे रूपों का निर्वहन करती हैं। पुरुषों की भांति ही हमारी संख्या भी समतुल्य है और हम गृहस्ती के कार्य के साथ अन्य सामाजिक एवं राजनीतिक कार्य के माध्यम से भी सेवा कार्य कर सकते हैं। कहावत है कि एक पुरुष की सफलता के पीछे महिला का हाथ होता है,इसीलिए महिलाएं आगे हैं जैसे राधा कृष्ण, सीता राम, लक्ष्मी नारायण, अमृता अमर, समाजसेवी सुनील जैन बताया कि मकर संक्रांति के इस आयोजन में महापौर अमृता अमर यादव के संयोजन में संपन्न हुआ। हल्दी-कुमकुम की रस्म के साथ सभी उपस्थित महिलाओं पर महापौर अमृता यादव द्वारा पुष्प वर्षा की गई,कार्यक्रम में 3000 से अधिक मातृशक्ति उपस्थित थी। शहर के प्रत्येक वार्ड में स्थित महिला मंडल की टीम कार्यक्रम में शामिल हुई। अलग-अलग क्षेत्र की महिलाओं ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान कर अपनी भूमिका निभाई। संक्रांति समारोह का संचालन प्रतिमा अरोड़ा और नमिता जैन ने किया। एवं आभार महापौर अमृता अमर यादव ने माना। मकर संक्रांति के इस कार्यक्रम में दशौरे समाज, नरमेदश्वर महिला मंडल,इनरव्हील क्लब खंडवा स्पार्कल्स,रिद्दी सिद्धी महिला मंडल,गुर्जर समाज सेवी महिला मंडल,धाकड़ महेश्वरी महिला मंडल, सहजयोग ध्यान केंद्र, गौतम नगर,.प्रभु प्रेम पुरम कॉलोनी महिला मंडल सिया राम महिला मंडल, जायसवाल महिला मंडल, महारानी लक्ष्मी बाई महिला मंडल,राजपूत समाज,पंजाब कालोनी ,प्रेरणा महिला मंडल पदम कुंड वार्ड,इनरव्हील क्लब, बावीसा समाज,सेन समाज,पंजाबी समाज, सोनी समाज,राठौर समाज,अग्रवाल समाज,गुरव समाज,रामेश्वर महिला मंडल,सिद्धिविनायक महिला मंडल,महर्षि गौतम कालोनी महिला मंडल, ब्रज महिला मंडल, स्वयं सहायता समूह की बहनें,एक नई उड़ान,भारतीय सिंधु सभा महिला शाखा सिंधी कॉलोनी, सिया राम महिला मंडल, ब्राह्मण समाज,जैन समाज, लायंस क्लब,सेवा भारती विनायक मंडल, लायंस क्लब ऑफ खंडवा ग्रेटर शहीद कई समाज एवं सामाजिक महिला मंडल की मातृ शक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित थी। महापौर अमृता अमर यादव के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में सहयोगी के रूप में पिंकी राठौर,स्नेहा पाराशर, रोशनी गोलकर, मीना गिरी, मोनिका बजाज, रक्षा प्रजापति ,श्रुति जैन,ज्योति दशोरे, नमिता काले , मोनिका शर्मा, डिंपल शर्मा, अंजलि चौहान, रानी कनाडे शामिल थी।

वार्ड क्रमांक 18 रामकृष्णगंज में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहन

खंडवा। जोन क्रमांक 2 में डोर-टू-डोर वाहन के माध्यम से चार बिन पृथक्करण को लेकर जागरूकता अभियान खंडवा नगर निगम खंडवा के जोन क्रमांक 2 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 18 रामकृष्ण गंज में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहन के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान वार्डवासियों को घर पर ही गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग रखने तथा हाइजेनिक कचरे का पृथक्करण कर ही डोर-टू-डोर वाहन के निर्धारित बॉक्स में देने की जानकारी दी गई। नागरिकों से अपील की गई कि कचरे का सही तरीके से सेग्रीगेशन कर नगर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें। इस अवसर पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि श्री अरविंद कसेरा, वार्ड जमादार श्री किशन गाड़े एवं आईईसी टीम द्वारा वार्ड में भ्रमण कर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। अभियान का उद्देश्य स्रोत पर ही कचरा पृथक्करण को बढ़ावा देना एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के लक्ष्यों की प्रभावी पूर्ति सुनिश्चित करना रहा।

आज सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली बंद रहेगी

बुरहानपुर। म.प्र.पे.वि.वि.कं.लिमि.शहर कार्यपालन यंत्री द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि 33ध्11 केण्वीण् लालबाग उपकेन्द्र पर आवश्यक रख.रखाव कार्य किए जाने के कारण उपकेन्द्र से निकलने वाले 11 के.वी.फीडरों की विद्युत आपूर्ति 21 जनवरी 2026 दिन बुधवार को प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगी। इस अवधि में उपकार नगर, रेलवे स्टेशन, गुलाबगंज,पातोंडा रोड, पारस टॉकीज, शासकीय अस्पताल लालबाग, चिंचाला क्षेत्र, दत्त मंदिर क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र, उपकार नगर, द्वारकापुरी, लक्ष्मी माता मंदिर,तासी हॉस्पिटल, आदर्श कॉलोनी, बृजधाम कॉलोनी,अमृत नगर,चिंचाला,लोधीपुर सहित अन्य क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। कार्य की आवश्यकता अनुसार विद्युत आपूर्ति बंद रहने की अवधि घटाई अथवा बढ़ाई जा सकती है।

घर से निकली नाबालिग को बाल कल्याण समिति ने परिजनों के किया सुपुर्द

खंडवा। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की सतर्कता से कक्षा 10वीं में अध्ययनरत 16 वर्षीय नाबालिग बालिका को खंडवा रेलवे स्टेशन पर सुरक्षित उतारकर बाल संरक्षण तंत्र के सुपुर्द किया गया। बालिका उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले की निवासी है, जो पारिवारिक विवाद के बाद बिना टिकट ट्रेन गोरखपुर लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस सवार होकर मुंबई की ओर जा रही थी। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि प्राप्त जानकारी के अनुसार बालिका का घर में कामकाज को लेकर अपनी बड़ी बहन से विवाद हो गया था।

वह स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन स्कूल न पहुँचकर यात्रा पर निकल गई। बालिका स्कूल ड्रेस में थी, जिससे उसकी नाबालिग अवस्था स्पष्ट थी। सूचना प्राप्त होते ही अध्यक्ष न्यायपीठ बाल कल्याण समिति खंडवा प्रवीण शर्मा के नेतृत्व में बालिका को संरक्षण में लिया गया तथा नियमानुसार संवेदनशील एवं मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान यह तथ्य सामने आया कि पारिवारिक संवाद की कमी के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई। इस अवसर पर जिस बड़ी बहन से विवाद हुआ था, वही बहन बालिका के पिता के साथ समिति के समक्ष उपस्थित हुई। समिति द्वारा दोनों बहनों को आपसी संवाद, धैर्य एवं पारिवारिक सहयोग का महत्व समझाया गया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि खंडवा की बाल कल्याण समिति बधाई की पात्र है समिति टीम लगातार ऐसे बालक बालिका जो घर के झगड़े या अन्य कारणों से अपना घर छोड़कर गलत कदम की ओर अग्रसर होते हैं, समिति अपने दायित्व का निर्वहन कर बच्चों की काउंसलिंग कर उन्हें परिजनों के सुपुर्द करती हैं। इस पूरी प्रक्रिया में अध्यक्ष प्रवीण शर्मा के साथ ही समिति सदस्य मोहन मालवीय, श्रीमती रुचि पाटिल, श्रीमती कविता पटेल एवं श्रीमती स्वप्निल जैन ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। बालिका के पिता, जो बीमा एजेंट हैं, एवं गृहणी माता को भी बालिका की मानसिक स्थिति एवं भविष्यगत देखरेख के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। समस्त वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात बालिका को सुरक्षित रूप से परिजनों के सुपुर्द किया गया। यह प्रकरण बाल अधिकारों की सुरक्षा, समय पर हस्तक्षेप एवं समन्वित बाल संरक्षण व्यवस्था की प्रभावशीलता को दर्शाता है।

उद्यमिता व स्टार्ट-अप को बढ़ावा... ऑन-कैंपस ड्राइविंग लाइसेंस शिविर

कुक्षी। सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय, कुक्षी में विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर एवं व्यवहारिक जीवन कौशल से सशक्त बनाने के उद्देश्य से स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में एक दिवसीय उद्यमिता एवं स्टार्ट-अप विषयक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों एवं नगरवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग, जिला धार के सहयोग से ऑन-कैंपस ड्राइविंग लाइसेंस शिविर संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की भूमिका संयोजक एवं प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. राकेश चौहान ने प्रस्तुत करते हुए कहा कि वर्तमान परिदृश्य में उद्यमिता और स्टार्ट-अप युवाओं के लिए केवल रोजगार का विकल्प नहीं, बल्कि

नवाचार एवं नेतृत्व का सशक्त माध्यम बन चुके हैं। ऐसे मार्गदर्शन कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपने विचारों को व्यावहारिक रूप देने की दिशा प्रदान करते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आरएल गर्ग ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज का युवा यदि सही मार्गदर्शन और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़े, तो वह स्वयं के साथ-साथ समाज और राष्ट्र को भी सशक्त बना सकता है। उन्होंने महाविद्यालय में आयोजित इस प्रकार की गतिविधियों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री ओपीपाटीदार ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सफलता के लिए जोखिम लेने का साहस, सतत प्रयास और सकारात्मक सोच आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से नवाचार आधारित उद्यमों की ओर अग्रसर होने का आह्वान किया। विशेषज्ञ वक्ता सुश्री तबस्सुम कुरैशी ने अपने व्याख्यान में सरल, सहज एवं प्रभावशाली उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को उद्यम प्रारंभ करने की प्रक्रिया, उपयुक्त स्टार्ट-अप की पहचान, शासकीय योजनाओं, सब्सिडी एवं ऋण सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उपलब्ध संसाधनों और सरकारी सहयोग का सही उपयोग कर युवा सफल उद्यमी बन सकते हैं। विद्यार्थियों ने उनके व्याख्यान को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन सुश्री नीलम पाटीदार ने किया। इसी क्रम में परिवहन विभाग, जिला धार के सहयोग से सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत डॉ. एस. एस. मुझाल्दा के संयोजन में महाविद्यालय परिसर में ऑन-कैंपस ड्राइविंग लाइसेंस शिविर आयोजित किया गया। परिवहन विभाग से खुशी परिया एवं उनके दल ने बड़ी संख्या में महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं नगरवासियों के लर्निंग लाइसेंस बनाए, जिससे लोगों को समय और संसाधनों की बचत हुई। महाविद्यालय में आयोजित ये दोनों गतिविधियाँ विद्यार्थियों के करियर मार्गदर्शन, आत्मनिर्भरता और दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति की दिशा में एक सराहनीय पहल रहीं। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ के सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। यह आयोजन न केवल युवाओं को रोजगारोन्मुखी सोच प्रदान करने वाला रहा, बल्कि उन्हें व्यावहारिक जीवन कौशल से सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रभावी कदम भी साबित होगा।

इंदौर नगर पालिक निगम, झोन क्र. 1 इंदौर
जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती पन्नीबाई पति स्वः श्री फुलसिंह मनावत, मोबाइल नं. ... के द्वारा झोन क्रं. 1, राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वसीयतनामा, वारीस नाते प्रस्तुत कर सर्विस/पिन 9000163339, पता 190/4/बी, नंदबाग कालोनी, इंदौर पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 21.1.26 से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 1 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखो प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र. 1, नगर पालिक निगम, इंदौर
इंदौर समाचार